<u>कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

<u>प्रेस-नोट</u>

<u>दिनांकः- 22/06/2024</u>

<u>विषय:-</u> **<u>थाना कोतवाली पुलिस द्वारा राजकीय महिला जिला चिकित्सालय कबीर चौरा वाराणसी के प्रांगण से बजाज डिस्कवर मोटर साईकिल की चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार उसके कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल (कीमत करीब 85000/- हजार रुपये) बरामद ।</u>**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में दिनांक-20.06.2024 को थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 58/24 धारा 379 भादवि से संबंधित बजाज डिस्कवर मोटर साईकिल जो राजकीय महिला जिला चिकित्सालय कबीर चौरा वाराणसी से दिनांक 08.6.2024 को अज्ञात चोर द्वारा वाहन का लाक तोड़कर चोरी कर लिया गया था को आज थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी करने वाले शातिर चोर को मछोदरी पार्क के पास स्थित कूड़ा घर के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की मोटर साईकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। फर्द बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी किया गया है और गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>घटना का विवरणः-</u> अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 08.06.2024 को राजकीय जिला महिला चिकित्सालय कबीर चौरा वाराणसी से वाहन नं0 BR 45 D 1969 को चोरी कर लेने के संबंध में।

<u>विवरण पूछताछः-</u> पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं नशे का आदी हूं और नशे करने के लिए पैसे की जरुरत होती है तो मैं छोटी मोटी चोरी का काम करता हूं । साहब दिनांक 08.06.2024 को मैं जिला महिला हास्पिटल कबीर चौरा में चोरी करने के लिए गया था तो मैं देखा कि एक आदमी अपने गाड़ी से आया उसके हाथ झोला था जिसमें टिफिन रखा था जिससे मुझे पता चल गया कि वह हास्पिटल में किसी मरीज को खाना खिलाने के लिए आया होगा और हास्पिटल से जल्दी से वापस नही आयेगा जब वह अपनी गाड़ी खड़ी करके अन्दर गया तो मैं तुरन्त ही गाड़ी के पास जाकर उसकी गाड़ी के लाक को तोड़कर वहां से लेकर चला गया था और उसको बेचने की फिराक में था मगर कोई खरीददार नही मिल पा रहा था जिस कारण से गाड़ी को बेच नही पाया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1. अर्जुन राम पाल पुत्र जीतू पाल निवासी होलापुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

<u>आपराधिक इतिहास अभि0गणः-</u> आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी किया जा रहा है।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. एक अदद बजाज डिस्कवर मोटर साईकिल वाहन नम्बर BR 45 D 1969,चेचिस नम्बर MD2A57BZXERB91078 (कीमत करीब 85000/- हजार रुपये)

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-</u> दिनांक- 20.06.2024 को स्थानः- मछोदरी पार्क के पास स्थित कूड़ा घर के पास से थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 विजय कुमार, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 पीयूष कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 अखिलेश कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी